सोमवार
30 मई, 2023
डिजिटल संस्करण

केशव टाइम्स
आपकी आवाज

प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ मिथिलांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक



ममेरे भाई की बारात में नाच के दौरान हर्ष फायरिंग में किशोर को लगी गोली 2

# कर्नाटक में निजी बस-ट्रक की टक्कर, 10 की मौत; महाराष्ट्र में रेलिंग से टकराकर कार में लगी आग, तीन लोगों की जान गई

**एजेंसी/बेंगलुरु**

कर्नाटक में तिरुमकुदलु-नरसीपुरा के पास एक निजी बस और एक कार की टक्कर में दो बच्चों सहित 10 लोगों की मौत हो गई। एसपी मैसूरु सीमा लातकर ने इसकी जानकारी दी है। हादसे पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दुख जताया। इस बीच महाराष्ट्र में बुलढाणा जिले के देउलगांव के निकट समृद्धि राजमार्ग पर रेलिंग से टकराने के बाद एक कार में आग लगने से उसमें सवार तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि सड़क दुर्घटना में कम से कम तीन लोग घायल हुए हैं। घटना कोल्लेगला-टी नरसीपुरा मुख्य मार्ग पर कुरुबुरु गांव के पास हुई। सूत्रों के मुताबिक, दोनों वाहनों के बीच आमने-सामने की टक्कर में कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है। घायलों को विभिन्न अस्पतालों में ले जाया गया है।



❒ सीएम सिद्धारमैया ने की मृतकों के परिवारों को मुआवजे के रूप में दो लाख रुपये देने की घोषणा

कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया ने मुख्यमंत्री राहत कोष से मृतकों के परिवारों को मुआवजे के रूप में दो लाख रुपये देने की घोषणा की। संबंधित अधिकारियों को मैसूरु के तिरुमकुदलु-नरसीपुरा के पास सड़क दुर्घटना में घायलों का उचित इलाज सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

**महाराष्ट्र में बस-कार की टक्कर, 10 घायल :** ठाणे ग्रामीण जिले के मालशेज घाट में मुंबई-नासिक राजमार्ग पर बस और ट्रक की टक्कर हो गई। हादसे में 10 लोगों के घायल होने की आशंका है। वहीं, महाराष्ट्र में बुलढाणा जिले के देउलगांव के निकट समृद्धि राजमार्ग पर रेलिंग से टकराने के बाद एक कार में आग लगने से उसमें सवार तीन लोगों की मौत हो गई।

**ठाणे में पति ने की पत्नी की हत्या :** वहीं, ठाणे के अंबरनाथ इलाके में रोनितराज मंडल (37) नामक व्यक्ति ने अपनी 30 वर्षीय पत्नी की हत्या कर दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में ले लिया। अंबरनाथ पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और आईपीसी की धारा 302 के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है। मुंबई पुलिस ने यह जानकारी दी है।

## बड़ा सड़क हादसा : इंजीनियरिंग के सात छात्रों की मौत, कई लोग जख्मी

**गुवाहाटी।** असम के गुवाहाटी में रविवार देर रात बड़ा हादसा हुआ। यहां के जालुकबाड़ी इलाके में वाहनों की टक्कर में कम से कम सात लोगों की मौत हो गई है। वहीं, कई अन्य घायल हुए हैं। पुलिस ने इस हादसे की जांच शुरू कर दी है। एक अधिकारी ने बताया कि असम इंजीनियरिंग कॉलेज के तीसरे वर्ष के 10 छात्र आज सुबह एक कार में कॉलेज परिसर से निकले थे। रास्ते में उनका तेज रफ्तार वाहन जलुकबारी इलाके में पहले सड़क पर डिवाइडर से और फिर एक वैन से टकरा गया। उन्होंने कहा कि सात छात्रों की मौके पर ही मौत हो गई। तीन अन्य को गंभीर हालत में गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिकारी ने बताया कि चालक सहित वैन में सवार तीन लोग भी गंभीर रूप से घायल हो गए और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## युवक ने नाबालिग प्रेमिका की बेरहमी से पीट-पीट कर की हत्या, गिरफ्तार

**एजेंसी/नई दिल्ली**

देश की राजधानी दिल्ली में रविवार को शाहबाद डेयरी इलाके में 16 वर्षीय लड़की की उसके 20 वर्षीय प्रेमी ने बेरहमी से हत्या कर दी। आरोपी ने पहले नाबालिग पर चाकू से कई वार किए। इससे भी उसका मन नहीं भरा और फिर पत्थर से लड़की को कुचलने के बाद कई बार लात मारी। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो चुका है।

पुलिस का कहना है कि आरोपी शाहबाद डेयरी थाना क्षेत्र का रहने वाला है। वह एसी और रेफ्रिजरेटर के लिए मैकेनिक का काम करता था। लड़की के पिता की शिकायत के आधार पर शाहबाद डेयरी थाने में भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या) के तहत मामला दर्ज किया गया है। पीड़िता शाहबाद डेयरी की जेजे कॉलोनी की रहने वाली थी। लड़की सड़क पर बदहवास हालत में मिली थी। वह सड़क से गुजर रही थी जब लड़के ने उसे रोका और उस पर हमला कर दिया। दोनों के बीच प्रेम संबंध बताए जा रहे हैं। शनिवार को उनके बीच झगड़ा हुआ था। रविवार को लड़की अपनी दोस्त के बेटे के जन्मदिन की पार्टी में जा रही थी जब लड़के ने उसे रास्ते में रोका और उस पर हमला कर दिया।

डीसीपी आउटर नॉर्थ रवि कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी युवक साहिल को उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर के पास से गिरफ्तार कर लिया है। मामले की और जांच कर रहे हैं। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के प्रारंभिक निष्कर्षों से पता चला कि लड़की को 16 बार चाकू मारा गया। गर्दन पर चाकू के छह और पेट पर दस घाव हैं। किसी भारी वस्तु से हमला करने के बाद उसका सिर फट गया।

## खबरें फटाफट

### 300 सीटें जीतेगी भाजपा : अनुराग ठाकुर

**नई दिल्ली।** केंद्रीय युवा एवं खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने दावा किया है कि नरेंद्र मोदी की भाजपा सरकार 2024 में भी जीतकर सत्ता बरकरार रखेगी। उन्होंने कहा कि इस बार ही हम 300 से अधिक सीटें जीतेंगे। खेल मंत्री का कहना है कि भाजपा समाज के सशक्तिकरण विश्वास करती है न कि तुष्टिकरण में। केंद्र की मोदी सरकार के नौ साल साल पूरे होने पर खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस संबोधित की। ठाकुर ने कहा कि केंद्र सरकार ने जरूरतमंदों को 3.5 करोड़ घर दिए हैं। हमने 11.72 शौचालय पूरे देश में बनवाए। 9.6 करोड़ लोगों को गैस कनेक्शन दिए। 60 करोड़ से अधिक लोगों को मुफ्त इलाज तो 80 करोड़ से अधिक लोगों को मुफ्त राशन दिया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव के सबको दिया, फिर चाहे वह भाजपा शासित राज्य हों या फिर गैर भाजपा शासित राज्य। हमने पूरे देश में योजनाओं को लागू किया। हमने आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को 10 प्रतिशत का आरक्षण दिया। अनुराग ठाकुर ने प्रेस को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर भी निशाना साधा। उनका कहना है कि 2014 से पहले कांग्रेस ने भ्रष्टाचार का रिकॉर्ड बना लिया था। लेकिन भाजपा ने नौ सालों में सिर्फ विकास किए। कल्याणकारी योजनाएं लागू की। आईआईटी, आईआईएम और एम्स जैसे बुनियादी संस्थाओं का निर्माण करवाया। हमारी सरकार जनता की सेवा करने में विश्वास करती है। लेकिन विपक्ष सिर्फ राजनीति में विश्वास करता है। इसलिए हमें पूर्ण रूप से आश्वस्त हैं कि हम एक बार फिर 300 से अधिक सीटें जीतकर सत्ता और जनता की सेवा बरकरार रखेंगे।

दो सर्वे में जिन दावेदारों के नाम आएंगे, उन्हें पैनल में मिल सकती है जगह

# लोस चुनाव के पूर्व यूपी में भाजपा करा रही 80 सीटों पर त्रीस्तरीय सर्वे

**एजेंसी/लखनऊ**

आगामी 2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश भर में गुपचुप सर्वे शुरू कर दिया है। बीजेपी सभी 80 लोकसभा सीटों पर तीन स्तर से सर्वे करा रही है। पार्टी सूत्रों की माने तो लोकसभा चुनाव के टिकट बंटवारे में इस सर्वे की अहम भूमिका होगी। इस तीन स्तरीय सर्वे में से दो सर्वे में जिन दावेदारों के नाम आएंगे उन्हें पैनल में जगह मिल सकती है। प्रत्याशी चयन में उन्हीं नामों पर मंथन किया जाएगा। तीनों सर्वे की रिपोर्ट मिलाकर ही पार्टी चुनाव का रोडमैप तैयार करेगी।

सर्वे की खास बात ये है कि इसको इस तरह अंजाम दिया जाएगा की मौजूदा सांसद को भी पता नही चलेगा की कब उनकी अंदर खाने रिपोर्ट तैयार हो जाएगी। सर्वे टीम के सदस्य अपनी पहचान छुपाते हुए प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में जाकर मौजूदा सांसद की छवि, क्षेत्र में उसकी उपस्थिति, जनता से व्यवहार को लेकर अन्य जानकारी इकट्ठा करेंगे। इसके अलावा प्रत्याशी बदलने पर चुनावी स्थिति, संभावित दावेदार, जातीय समीकरण का भी आकलन किया जाएगा। जनता के बीच चुनावी मुद्दे, मोदी योगी सरकार की योजनाओं की उपलब्धियों का असर, अयोध्या में राम मंदिर निर्माण, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर समेत राष्ट्रवाद के अन्य मुद्दों का जनता के बीच राजनीतिक प्रभाव की भी जानकारी जुटाई जा रही। सूत्रों की माने तो इस सर्वे के लिए नियुक्त एजेंसी के वरिष्ठ अधिकारियों ने राजधानी में डेरा जमाया हुआ है।



पार्टी का लक्ष्य यूपी में सभी 80 लोकसभा सीटें जीतने का है। इनमें से पार्टी ने कुछ सीटों को रेड जोन में रखा है। इन सीटों का चयन 2014 और 2019 के लोकसभा परिणाम के आधार पर किया गया है। बीजेपी ने सहारनपुर, रामपुर, आजमगढ़, अंबेडकर नगर, अमरोहा, जौनपुर, नगीना, मुरादाबाद, लालगंज, श्रावस्ती, बिजनौर, गाजीपुर, घोसी, संभल, मैनपुरी और रायबरेली को रेड जोन में रखा है। रेड जोन के इन सीटों पर गहन सर्वे कराया जा रहा है। इसके माध्यम से पिछली बार हार के कारणों के साथ आगामी चुनाव में जीत के उपाय तलाशे जाएंगे। सर्वे टीम के सदस्य किसी भी जिले में जाकर अपना परिचय नहीं देंगे. बल्कि चाय की दुकान, सरकारी एवं निजी दफ्तरों, पार्क, प्रबुद्ध लोगों, महिलाओं और युवाओं के बीच जाकर उनसे निर्धारित बिंदुओं के अनुसार बातचीत करेंगे जिसे सर्वे रिपोर्ट में शामिल किया जाएगा।

**लोकतंत्र का स्वरूप विकृत हो रहा :** बीजेपी की इस रणनीति पर सपा विधायक डॉ. मनोज पांडेय ने कहा कि जनता को सोचने का अवसर देना चाहिए, जनता को लोकतंत्र में निष्पक्ष मतदान का भी अवसर देना चाहिए। जिस तरह से ब्लॉक प्रमुख, जिला पंचायत, नगर निकाय के चुनाव में हुआ अगर यही असली लोकतंत्र का स्वरूप है तो मुझे लगता लोकतंत्र का स्वरूप विकृत हो रहा। लोकतंत्र को बचाना, संविधान की भावनाओं को बचाना एक चुनी हुई सरकार की सबसे बड़ी जिम्मेदारी होती, चुनाव निष्पक्ष हो।

### ढाई घंटे तक चली सपा की बैठक

**लखनऊ।** आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटे सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आज प्रदेश भर के जिला अध्यक्षों और नगर अध्यक्षों के साथ लंबी बैठक की। करीब ढाई घंटे चली इस बैठक में निकाय चुनाव के नतीजों पर चर्चा करने के साथ ही 2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर रणनीति बनाई गई। बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव प्रो. रामगोपाल यादव, राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव, प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल समेत अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे। पार्टी ने एक तरफ जहां बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने की रणनीति पर मंथन किया तो वहीं 2 महीने बाद से जनता के मुद्दों को लेकर आंदोलन शुरू करने का भी मन बनाया है।

लखनऊ के सपा नगर अध्यक्ष सुशील दीक्षित ने बताया कि बैठक में नगर निकाय चुनाव की समीक्षा हुई और आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां दी गई हैं। पूरे प्रदेश के संगठन को निर्देश दिया गया है बूथ कमेटियां बनाकर जिलेवार, गांव गांव, मोहल्ले मोहल्ले, गली-गली जाकर सपा के नेता और कार्यकर्ता लोगों को जोड़ने का काम करेंगे. जो जनता की मूलभूत समस्याएं हैं उनको जनता के बीच ले जाकर लोकसभा का चुनाव लड़ेंगे।

# 12 जून को लोकसभा चुनाव को लेकर पटना में देश की सभी विपक्षी पार्टी के नेता होंगे एकजुट

**केटी न्यूज/पटना**

आरजेडी कार्यालय में महागठबंधन के सभी सातों दल के प्रतिनिधियों ने सोमवार को बैठक की। बैठक के बाद सामूहिक रूप से संवाददाता सम्मेलन किया गया। जिसमें जेडीयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने कहा कि 12 जून को 2024 की लोकसभा को लेकर पटना के ज्ञान भवन में देश के सभी विपक्षी पार्टी के नेता एकजुट होकर बैठक करेंगे। इसमें 16 से 17 राज्यों के विपक्षी नेता भाग लेंगे। वहीं, महगठबंधन कई मुद्दों को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ 15 जून आंदोलन

महागठबंधन की बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित हुआ कि जातिगत जनगणना, महंगाई, बेरोजगारी, संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग, किसानों की आय दोगुनी करने की मांग, उन्माद की राजनीति को समाप्त करने, दलित गरीब की आवास एवं खाद्यान्न योजना बंद करने की केन्द्र सरकार की साजिश के खिलाफ राज्य के सभी जिलों एवं प्रखंडो में 15 जून को आंदोलन किया जाएगा और केंद्र सरकार की नाकामियों को जनता के बीच बताया जाएगा। महागठबंधन की बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर महिला पहलवान खिलाड़ियों पर दिल्ली में किए गए पुलिसिया जुल्म, लाठी चार्ज जंतर-मंतर से हटाए जाने तथा न्याय देने की जगह हिरासत में लिए जाने और फर्जी मुकदमा करने की निंदा की गई और कहा गया कि केंद्र सरकार महिला खिलाड़ियों को न्याय देने की जगह बीजेपी सांसद बृजभूषण शरण सिंह को बचाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। इस दौरान केंद्र सरकार की नीतियों को महिला विरोधी और खिलाड़ी विरोधी बताया गया। कहा गया कि जल्द से जल्द बीजेपी सांसद ब्रजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए।




मुख्यमंत्री ने सात निश्चय 2 के तहत की समीक्षा बैठक, सिंचाई के पानी को लेकर अधिकारियों को दिए निर्देश

# जल और हरियाली है तभी जीवन सुरक्षित: नीतीश कुमार

**केटी न्यूज/पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में एक अणे मार्ग स्थित 'संकल्प' में सात निश्चय-2 के तहत हर खेत तक सिंचाई का पानी योजना की समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में मुख्यमंत्री को सात निश्चय योजना की दिशा में किए जा रहे कार्यों की प्रगति की विस्तृत जानकारी दी गई। बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सात निश्चय -2 के संबंध में वर्ष 2021 में ही बैठक हुई थी। हर खेत तक सिंचाई का पानी, लक्ष्य के अनुरूप निर्धारित समय के अंदर पहुंचे, इसको लेकर तेजी से काम करें। जितना जल्द हो सके हर खेत तक सिंचाई का पानी पहुंचा दें, इस काम में तेजी लाएं। लोगों की सुविधाओं के लिए और उनके हित में हम निरंतर काम करते हैं।



मुख्यमंत्री ने कहा कि भू-जल स्तर को मेंटेन रखने और पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिये भी कई कार्य किए गए हैं। जल के संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के लिए वर्ष 2019 में जल-जीवन हरियाली अभियान की शुरूआत की गई है। जल और हरियाली है तभी जीवन सुरक्षित है। पिछली बैठकों में हर खेत तक सिंचाई निश्चय योजना के संबंध में एक-एक बात पर चर्चा हुई थी। उन्होंने कहा कि अभियंताओं के साथ बैठक कर तेजी से काम को आगे बढाएं। स्थल पर भी जाकर किए जा रहे कार्यों के अद्यतन स्थिति की समीक्षा करें। हर हाल में वर्ष 2025 तक इस योजना को पूर्ण करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि निजी नलकूप योजना के संबंध में ठीक से सर्वेक्षण करा लें ताकि कोई क्षेत्र छूटे नहीं और सभी को इसका लाभ मिले। सरकार की तरफ से हरसंभव सहयोग किया जाएगा। पिछली बैठकों में हुई बातों पर ध्यान देते हुए तेजी से काम को आगे बढ़ाएं ताकि निर्धारित समय सीमा के अंदर हर खेत तक सिंचाई निश्चय योजना का काम पूरा हो। वहीं, इस दौरान लघु जल संसाधन मंत्री जयंत राज, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव आमिर सुबहानी, सहित कई मंत्री और अधिकारी मौजूद रहे।

सुविचार



जीयर स्वामी

कलयुग में धरती पर अगर किसी काम करने से पुण्य मिलता है तो वह माता-पिता की सेवा करना।

बड़ी खबर किट के इस्तेमाल से हाथीपांव की बढ़ोतरी पर पाया जा...

केशव टाइम्स
बक्सर, 30 मई 2023

शाहाबाद/मगध/सारण

website : keshavtimes.com
e-mail : keshavtimes1@gmail.com



# 30 मई तक कालाजार मरीजों के लंबित श्रम-क्षतिपूर्ति राशि का किया जायेगा भुगतान

केटी न्यूज/बक्सर

- अपर निदेशक सह राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम ने दिया निर्देश
- मरीजों के इलाज के तुरंत बाद भुगतान सुनिश्चित करने का है निर्देश


कालाजार उन्मूलन के लिए निर्धारित लक्ष्य 2023 को बिहार द्वारा प्राप्त करने में मरीजों को एनसीवीबीडीसी, भारत सरकार एवं मुख्यमंत्री कालाजार राहत योजना द्वारा दिए जाने वाले आर्थिक सहायता के रूप में श्रम-क्षतिपूर्ति राशि के रूप में 7100 रुपये देने का प्रावधान है। इसमें मरीजों के लिए 6600 रुपये और आशा के लिए 100 रुपये की राशि मुख्यमंत्री कालाजार राहत अभियान के अंतर्गत दी जाती है। वहीं प्रति मरीज एवं आशा को 500 रुपये भारत सरकार की तरफ से दिया जाता है। कालाजार मरीजों को में श्रम-क्षतिपूर्ति राशि देने का उद्देश्य यह है कि अधिकतर कालाजार मरीज गरीब तबके से आते हैं। ऐसे परिवार के मरीज यदि कालाजार से ग्रसित होते हैं तो इनके द्वारा दैनिक रूप अर्जित किये जाने वाले मजदूरी अथवा अन्य कार्य पर प्रभाव पड़ता है। साथ ही ऐसे मरीज इलाज के एक माह तक कमजोरी के कारण काम करने में असमर्थ होते हैं।



**30 मई तक किया जायेगा भुगतान:** इस बाबत अपर निदेशक सह राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम, डॉ. अशोक कुमार ने चयनित जिलों को छोड़ बाकी जिलों के वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी को पत्र जारी कर आवश्यक निर्देश दिए हैं। जारी पत्र में बताया गया है कि 1 जून को अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य विभाग द्वारा वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम की समीक्षा की जानी है। पत्र में आगे बताया गया है कि कालाजार मरीजों के एक माह के स्वास्थ्य लाभ एवं परिवार के भरण-पोषण के लिए श्रम-क्षतिपूर्ति राशि की भुगतान का प्रावधान किया गया है। जारी पत्र में बताया गया है कि राज्य स्तर पर मरीजों के डाटा विश्लेषण से यह ज्ञात होता है कि वर्ष 2022 एवं 2023 के कुछ जिलों के कुछ मरीजों की श्रम-क्षतिपूर्ति राशि का भुगतान अभी तक लंबित है। जबकि इन्हें उपचार के तुरंत बाद ही भुगतान किये जाने का निर्देश है।

**कम रोशनी और नमी वाले स्थानों पर रहती है बालू मक्खी:** जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. शैलेंद्र कुमार ने बताया कि बालू मक्खी द्वारा काटने से कालाजार होता है। मिट्टी और बिना प्लास्टर के घरों में स्थित दरारों में बालू मक्खी के छिपने की संभावना अधिक रहती है। अमूमन बालू मक्खी कम रोशनी और नमी वाले स्थानों पर रहती है. जैसे घरों की दीवारों की दरारों, चूहों के बिल तथा ऐसे मिट्टी के टीले जहां ज्यादा जैविक तत्व और उच्च भूमिगत जल स्तर हो। ऐसे स्थान उनको पनपने में लिए बेहतर माहौल देते हैं। उन्होंने बताया यह मक्खी उड़ने में कमजोर जीव है, जो केवल जमीन से 6 फुट की ऊंचाई तक ही फुदक सकती है। मादा बालू मक्खी ऐसे स्थानों पर अंडे देती है जो छायादार, नम तथा जैविक पदार्थों से परिपूर्ण हो।

## टेंपो व बाइक की टक्कर, दो पुलिस कर्मी घायल, एक रेफर



**जहानाबाद।** जिले के मखदुमपुर में सोमवार के दिन पटना-गया राष्ट्रीय मार्ग एनएच 83 के लड़ोआ मोड़ स्थित बाईपास के समीप टेंपो एवं एक बाइक में सीधी टक्कर हो गई। जिसमें 2 लोग घायल हो गए। घायलों में टाउन थाना में तैनात होमगार्ड के जवान शैलेंद्र सिंह एवं महिला पुलिस बल की जवान सोनी कुमारी शामिल हैं। जानकारी के अनुसार होमगार्ड के जवान शैलेंद्र सिंह अपने बाइक से थाने में तैनात महिला बल के जवान सोनी कुमारी को मखदुमपुर पहुंचाने आ रहे थे। तभी लड़ोआ मोड़ के समीप एक अनियंत्रित टेंपो से सीधी टक्कर हो गई। जिसमें दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को इलाज के लिए अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने घटना में गंभीर रूप से घायल महिला पुलिस बल के जवान सोनी कुमारी को बेहतर इलाज के लिए मगध मेडिकल कॉलेज गया रेफर कर दिया है। वहीं घटना के बाद पुलिस टेंपो को जब्त कर थाने लाई और मामले की जांच में जुट गई है। लोगों का कहना है कि घटना टेंपो चालक की गलती के कारण हुई।

### परिजनों के फर्दबयान पर प्राथमिकी दर्ज, आरोपितों को पकड़ने में जुटी पुलिस

# ममेरे भाई की बारात में नाच के दौरान हर्ष फायरिंग में किशोर को लगी गोली

केटी न्यूज/आरा

जिले में शादी समारोह में एक बार फिर हर्ष फायरिंग की घटना हुई है। उदवंतनगर थाना क्षेत्र के ज्ञानचक गांव में रविवार की देर रात बारात में नाच के दौरान हर्ष फायरिंग की गयी। उसमें नाच देख रहे इंटर के एक छात्र को गोली लग गयी। गोली उसकी जांघ में लगी है, जिसमें वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जख्मी युवक उदवंतनगर थाना क्षेत्र सलथर गांव निवासी नरेंद्र सिंह का 18 वर्षीय पुत्र अनीश कुमार है। वह अपने ममेरे भाई की शादी में मलथर गांव गया था। उसका इलाज आरा के करमन टोला स्थित प्राइवेट अस्पताल कराया जा रहा है। वहां डा. महावीर प्रसाद गुप्ता द्वारा ऑपरेशन कर उसकी जांघ में फंसी गोली निकाल दी गयी है। वहीं घटना के बाद बारात में अफरातफरी और सनसनी मच गई। नाच देख रहे बाराती और साराती भाग भाग खड़े हुए। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंची और अपने स्तर से छानबीन की गयी। पुलिस इस मामले में प्राथमिकी दर्ज करते हुए हर्ष फायरिंग करने वालों की पहचान और धरपकड़ में जुटी है। एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि रात में बारात में हर्ष फायरिंग में किसी युवक को गोली लगने की सूचना मिली थी। तत्काल स्थानीय थानाध्यक्ष को मौके पर भेजा गया था। घटना की छानबीन की जा रही है। बारात का वीडियो फुटेज मिल गया है। उसके जरिए हर्ष फायरिंग करने वालों की पहचान कर ली गयी है। गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है। उसे जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। परिजनों की ओर से आवेदन नहीं दिये जाने के बाद पुलिस की ओर से अपने स्तर से प्राथमिकी दर्ज की जा रही है।



- वीडियो फुटेज के आधार पर फायरिंग करने वालों की हो रही पहचान



**खून बहते देखने के बाद पता चला की गोली लगी है :** जख्मी छात्र अनीश कुमार ने बताया कि रविवार की शाम वह उसके मामा धर्मेंद्र सिंह के बेटे विक्की की शादी थी। बारात उदवंतनगर थाना क्षेत्र के ज्ञानचक गांव गयी थी। वह भी अपने भाइयों के साथ बारात गया था। रात में खाना खाने के बाद वह समियाना में नाच देखने चला गया। तभी अचानक किसी द्वारा हर्ष फायरिंग कर दी गई। उसमें उसकी बायीं जांघ में गोली लग गई। उससे वह खून से लतपथ होकर जख्मी हालत में जमीन पर गिर पड़ा। गिरने के दो मिनट बाद उसे पता चला कि उसे गोली लग गई है। उसके बाद परिजनों द्वारा उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। वहां प्राथमिक उपचार करने के बाद उस पटना रेफर कर दिया गया था। तब परिजन उसे करमन टोला स्थित एक प्राइवेट अस्पताल ले गए। इधर, छात्र का इलाज कर रहे हड्डी रोग विशेषज्ञ चिकित्सक डाक्टर महावीर प्रसाद गुप्ता ने बताया कि शनिवार की देर रात गोली से जख्मी हालत में आया था। उसके बाएं पैर की जांघ पर गोली लगी थी, जो घुटने में जाकर फंस गई थी। रात में ही उसका ऑपरेशन कर बुलेट निकाल दिया गया। मरीज की स्थिति अभी बिल्कुल स्टेबल है।

## तीन दिन में हर्ष फायरिंग में तीन को लगी गोली, एक की गयी जान

**आरा।** भोजपुर में हर्ष फायरिंग की लगातार घटनाएं हो रही है। पिछले तीन दिनों में लगातार तीन वारदात हो गयी। उसमें एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो जख्मी हो गए। शुक्रवार की रात संदेश थाना क्षेत्र के धर्मपुर गांव में हर्ष फायरिंग में दूल्हे के ममेरे भाई की मौत हो गयी थी। मृतक मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जगवलिया गांव निवासी स्व.अजय सिंह का 25 वर्षीय पुत्र बिट्टू कुमार था। गोली किसी रिश्तेदार की बंदूक से चलने की बात कही जा रही है। उसके बाद शनिवार की शाम बिहिया थाना क्षेत्र के जमुआ गांव में बारात जाने से पहले दूल्हे के परिछावन के दौरान हर्ष फायरिंग में एक किशोर को गोली लग गयी थी। जख्मी किशोर जमुआं गांव निवासी तपस्या यादव का पुत्र राकेश कुमार था। अभी पुलिस दोनों मामलों में आरोपितों की तलाश कर रही थी। इस बीच रविवार की रात मलथर गांव में बारात में नाच के दौरान फिर हर्ष फायरिंग की वारदात हो गयी। उसमें दूल्हे के फुफेरे भाई को गोली लग गयी।

# घर से सब्जी खरीदने निकले रिटायर आर्मी मैन का नहर में मिला शव, मातम

केटी न्यूज/आरा

जिले के नगर थाना क्षेत्र के पिपरहियां-आनंदनगर रोड से लापता रिटायर आर्मी मैन की मौत हो गयी। उनका शव सोमवार की दोपहर नवादा थाना क्षेत्र के श्रीटोला स्थित नहर से बरामद किया गया है। मृतक मूल रूप से नारायणपुर क्षेत्र के मड़नपुर गांव निवासी स्व. अयोध्या उपाध्याय के पुत्र राजेंद्र उपाध्याय थे। करीब पिछले पांच साल से वह नगर थाना क्षेत्र के पिपरहियां रोड आनंद नगर मोहल्ले में अपना मकान बनाकर रहते थे। वह शनिवार की शाम करीब सात बजे सब्जी खरीदने निकले थे। उसके बाद से ही लापता थे। शव मिलने की सूचना पर नवादा थाने की पुलिस मौके पर पर पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। हालांकि मौत के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

फौजी के चाचा बलिराम उपाध्याय ने बताया कि वह शनिवार की शाम करीब सात बजे सब्जी खरीदने घर से निकले थे। रात दस बजे तक घर नहीं लौटे, तो काफी खोजबीन की गयी। रविवार को भी पूरे दिन उनका कुछ पता नहीं चला। खोजबीन के दौरान सोमवार की दोपहर श्रीटोला स्थित नहर के समीप पहले उनका गमछा गिरा मिला। गमछे के जरिए खोजना शुरू किया गया, तो नहर में उनका शव पड़ा मिला। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। कहा जा रहा है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण पूरी तरह स्पष्ट हो पाएगा। इधर, फौजी की मौत के बाद उनके घर में कोहराम मचा है। पत्नी मीरा देवी सहित परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।



# गंगा नदी में डूबने से बच्चे की मौत, मचा कोहराम

केटी न्यूज/आरा

जिले के बड़हरा थाना क्षेत्र के सिन्हा ओपी अंतर्गत महुली घाट पर सोमवार की सुबह गंगा नदी में डूबने से एक बच्ची की मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच काफी देर तक अफरा-तफरी मची रही। जानकारी के अनुसार मृत बक्सर जिला के नैनीजोर थाना क्षेत्र के बड़की नैनिजोर गांव निवासी चंदन राम की 6 वर्षीया पुत्री पुष्पा कुमारी है।

इधर मृत बच्ची के चाचा विशेश्वर राम ने बताया कि वह अपने बड़े भाई चंदन राम की साली मीरा की शादी एवं उन्हीं के साले अटल राम के बेटे करण के मुंडन समारोह में सभी लोग शामिल होने के लिए शनिवार को अपने गांव से पैगा गांव आए थे। शादी समारोह संपन्न होने के बाद सोमवार की सुबह जब सभी लोग मुंडन के लिए महुली घाट गए। वहां जाने के बाद वह अपने पिता चंदन राम के साथ महुली घाटी स्थित गंगा नदी में स्नान करने रही थी। तभी उसके पिता नदी से बाहर निकल गया उन्हें लगा कि वह पहले ही बाहर निकल चुकी है। लेकिन जब वह बाहर नही दिखी तो उसके पिता दुबारा नदी में गए और काफी खोजबीन करने के बाद उसे पानी से बाहर निकाला। इसके बाद परिजन उसे आनन-फानन में आरा सदर अस्पताल ले आए। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके पश्चात मृतक के परिजन ने इसकी सूचना सदर अस्पताल में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारी को दी। सूचना पाकर पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम करवाया। बताया जाता है कि मृत बच्ची अपने तीन बहन व भाई एक भाई ने दूसरे स्थान पर थी। मृत बच्ची के परिवार में मां पार्वती देवी व दो बहन अमृता,दुर्गा एवं एक भाई विश्वास है। घटना के बाद मृत बच्ची के घर में कोहराम मच गया है। घटी इस घटना के बाद मृत बच्ची की मां पार्वती देवी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।



### नगरा पीएचसी में फाइलेरिया के हाथीपांव मरीजों के बीच एमएमडीपी किट का हुआ वितरण

# किट के इस्तेमाल से हाथीपांव की बढ़ोतरी पर पाया जा सकता है काबू

केटी न्यूज/छपरा

लिम्फेटिक फाइलेरियासिस यानी फाइलेरिया एक ऐसी बीमारी है, जिसका समय पर इलाज न होने से लोग दिव्यांगता के शिकार हो सकते हैं। इसलिए सरकार ने फाइलेरिया को मिटाने की दिशा में प्रयास तेज कर दिया है। इस क्रम में सारण जिले के सभी प्रखंडों में मोरबिडिटी मैनेजमेंट एंड डिसेबिलिटी प्रिवेंशन (एमएमडीपी) क्लिनिक की शुरूआत की जा रही है। जहां पर फाइलेरिया मरीजों के बीच एमएमडीपी किट के वितरण के साथ उन्हें इसके इस्तेमाल की जानकारी भी दी जाएगी। इस क्रम में सोमवार को जिले के नगरा प्रखंड स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में एमएमडीपी क्लिनिक के शुभारंभ के साथ मरीजों के बीच एमएमडीपी किट का वितरण किया गया। जिसमें एमओआईसी डॉ. महेंद्र मोहन ने मरीजों को एमएमडीपी के इस्तेमाल के फायदों के संबंध में भी बताया गया। उन्होंने मरीजों को बताया कि एमएमडीपी किट के नियमित इस्तेमाल से मरीज हाथीपांव की बढ़ोतरी पर काबू पा सकते हैं। जिसके बाद उन्होंने फाइलेरिया के हाथीपांव मरीजों के बीच किट का वितरण किया।



**पांच से 15 वर्ष में दिखते हैं फाइलेरिया के लक्षण :** एमओआईसी डॉ. महेंद्र मोहन ने बताया कि क्यूलेक्स मच्छर फाइलेरिया संक्रमित व्यक्ति को काटने के बाद किसी स्वस्थ्य व्यक्ति को काटता है तो उसे भी संक्रमित कर देता। लेकिन संक्रमण के लक्षण पांच से 15 वर्ष में उभरकर सामने आते हैं। इससे या तो व्यक्ति को हाथ-पैर में सूजन की शिकायत होती या फिर अंडकोष में सूजन आ जाती है। महिलाओं के स्तन के आकार में परिवर्तन हो सकता है। अभी तक इसका कोई समुचित इलाज उपलब्ध नहीं है, लेकिन शुरूआत में इसकी पहचान होने से रोकथाम की जा सकती है। संक्रमित होने के बाद प्रभावित अंगों की सफाई का समुचित ध्यान रखना जरूरी होता है। साथ ही, नियमित व्यायाम कर मरीज अपने पैरों के सूजन को कम कर सकते हैं।

**प्रभावित अंगों की सफाई बेहद आवश्यक :** वीबीडीसी सुधीर कुमार ने बताया कि फाइलेरिया ग्रसित अंगों मुख्यतः पैर या फिर प्रभावित अंगों से पानी रिसता है। इस स्थिति में उनके प्रभावित अंगों की सफाई बेहद आवश्यक है। इसकी नियमित साफ-सफाई रखने से संक्रमण का डर नहीं रहता और सूजन में भी कमी आती है। संक्रमण को बढ़ने से रोकने के लिए एमएमडीपी किट और आवश्यक दवा दी जा रही है। फाइलेरिया के लक्षण मिलने पर तत्काल जांच कराएं। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया संक्रमित होने पर व्यक्ति को हर महीने एक-एक सप्ताह तक तेज बुखार, पैरों में दर्द, जलन, के साथ बेचैनी, त्वचा में लालीपन की शिकायत होने लगती है। एक्यूट अटैक के समय मरीज को पैर को साधारण पानी में डुबाकर रखना चाहिए या भीगे हुए धोती या साड़ी को पैर में अच्छी तरह लपेटना चाहिए।

कार्यक्रम में वीएल डीपीओ आदित्य कुमार सिंह, वीबीडीएस सुजीत कुमार, केयर बीसी सोनू सिंह, बीएचएम कनीज फातिमा, बीएएम अनिल कुमार, फर्माशिस्ट चितरंजन कुमार व अन्य कर्मी मौजूद रहे।

## एक नजर

### बेदहाल व्यवस्था: वार्ड 9 और 10 में गंदे नाले का पानी बहने से नरकीय जिन्दगी जी रहे हैं लोग



**जहानाबाद।** मानसून के आने के पूर्व ही जिला मुख्यालय में जलजमाव होने लगे हैं। इस समस्या पर जहानाबाद के जिला प्रशासन मुकर्दश बनकर बैठी है। इस समस्या पर यहां की जनता जिला प्रशासन के विरोध में लड़ने के लिए आर-पार की मूठ में है। इस समस्या पर आज स्थानीय विधायक कुमार कृष्णमोहन उर्फ.सुदय यादव ने आकर मुआयना किया और समस्या को निदान करने के लिए जनता को आश्वासन दिया। भाकपा-माले के जिला कार्यालय सचिव कामरेड श्याम पाण्डेय ने एक प्रेस बयान जारी कर बताया कि कई वर्षों से माले जिला कार्यालय के समीप वार्ड 9 और 10 नबीनगर मुहल्ले की जनता नारकीय जिन्दगी जी रहे हैं। इतना ही नहीं आज करीब 20 दिन से वार्ड 9 और 10 की जनता के घरों में नाले की गंदे पानी बहने के कारण घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। लोग गंदे पानी में घुसकर बाजार जाने के लिए मजबूर हैं। आज सुबह स्थानीय विधायक कुमार कृष्णमोहन उर्फ.सुदय यादव ने वार्ड 9 और 10 यानी माले जिला कार्यालय, शहीद भगत सिंह नगर व नबीनगर का मुआयना किया। इस समस्या को निदान करने के लिए आश्वासन दिया और कहा कि इस नाले एवं रोड बनाने के लिए टेंडर 85 लाख रुपए का हो चूका है। जनता को गंदे पानी में चलकर पार करने के सिवा कोई रास्ता नहीं बचा है। इस समस्या पर वर्षों से जनता जिला प्रशासन से इस मांग को लेकर आंदोलन, प्रदर्शन किया। लेकिन यहां की जिला प्रशासन मौन मुकर्दशक बनकर बैठी है। कामरेड श्याम पाण्डेय ने आगे कहा कि इस समस्या पर अगर जिला प्रशासन जल्द से जल्द कोई ठोस कदम नहीं उठाती है तो यहां की जनता आर, पार लडाई लडने के लिए बाध्य होगी।

### छह न्यायिक पदाधिकारियों को समारोह पूर्वक दी गई विदाई, किया गया सम्मानित

**जहानाबाद।** जिले से स्थानांतरित छह न्यायिक पदाधिकारियों अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश-9 सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार अजय कुमार, अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी सिमी कुजूर, मुंशीफ विभूति भुषण, प्रथम श्रेणी न्यायिक दण्डाधिकारी जन्मेजय चौधरी, रिचा कश्यप एवं आलोक कुमार चतुवेर्दी को जिला विधिज्ञ संघ जहानाबाद की ओर से संघ भवन स्थित पुस्तकालय हाल में समारोह पूर्वक भावभीनी विदाई दी गई। सभी स्थानांतरित न्यायिक पदाधिकारियों को जिला विधिज्ञ संघ की ओर से अंग वस्त्र, बुके एवं फुल माला देकर सम्मानित किया गया। विदाई समारोह की अध्यक्षता जिला विधिज्ञ संघ के अध्यक्ष गिरिजानन्दन प्रसाद ने किया। इस अवसर पर सभी अधिवक्ताओं ने सभी स्थानांतरित पदाधिकारियों के कार्य काल का प्रशंसा करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उल्लेखनीय है कि एडीजे अजय कुमार का स्थानांतरण इसी पद पर अररिया जिले में हो गया है, वहीं एसडीजेएम सिमी कुजूर का प्रमोशन सव जज के पद पर मुजफ्फरपुर हो गया है एवं मुंशीफ विभूति भुषण का प्रमोशन सवजज के पद पर अरवल जिले में हो गया है।इसी तरह प्रथम श्रेणी न्यायिक दण्डाधिकारी जन्मेजय चौधरी, रिचा कश्यप एवं आलोक कुमार चतुवेर्दी इसी पद पर सिविल कोर्ट सिवान स्थानांतरित किये गये हैं। विदाई समारोह में एडीजे आनन्दिता सिंह, जावेद अहमद खान, राकेश कुमार, सबजज अमरजीत कुमार, कुलदीप, न्यायिक दण्डाधिकारी वैभव कुमार संघ के सचिव रजनीश कुमार, वरीय अधिवक्ता रामनरेश शर्मा, रामदयाल शर्मा, रामाश्रय शर्मा, अब्दुल गफ्फार, रामविन्दु सिन्हा, अनील कुमार व अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।



### प्रथम तिमाही में सभी बैंक एक-एक लोन आवेदन को करें स्वीकृत : जिलाधिकारी

**जहानाबाद।** जिलाधिकारी रिची पाण्डेय की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभागार कक्ष में उद्योग एवं बैंकर्स की बैठक संबंधित पदाधिकारी एवं बैंक के प्रतिनिधि के साथ की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने बैंकों के शाखा प्रबंधक एवं बैंक के प्रतिनिधि के साथ ऋण वितरण कि समीक्षा बैंकवार किया। जिसमें सर्वप्रथम प्रधानमंत्री स्वरोजगार सृजन योजना की समीक्षा की गई। जिला उद्योग विस्तार पदाधिकारी ने बताया कि जहानाबाद जिले में जिला उद्योग केन्द्र द्वारा 54 आवेदकों का आवेदन बैंक को अग्रसारित किया गया है। जिसमें बैंक द्वारा कुल सात आवेदकों का आवेदन स्वीकृति कर दिया गया है। जिसमें पंजाब नेशनल बैंक द्वारा चार ऋण, इंडियन बैंक द्वारा दो ऋण तथा दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक द्वारा एक ऋण स्वीकृति कर दिया गया है। जिलाधिकारी ने निदेश दिया कि प्रथम तिमाही में सभी बैंक शाखाओं द्वारा कम-से-कम एक-एक ऋण स्वीकृत किया जाए। साथ ही जिन बैंकों द्वारा एक भी ऋण स्वीकृत नहीं किया गया है वहां खेद व्यक्त करते हुए निदेश दिया कि शीघ्र ही आवेदकों का आवेदन प्राप्त कर तथा सही पाये जाने पर आवेदकों का आवेदन स्वीकृत करें। बैठक में जिला पदाधिकारी द्वारा पीएमएफएमई योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में मात्र चार आवेदन स्वीकृत हुई है, जबकि कुल 131 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जो काफी खेद का विषय है।



### मिनी गन फैक्ट्री का खुलासा :कट्टा सहित हथियार बनाने वाले उपकरण के साथ एक गिरफ्तार

**सासाराम।** रोहतास पुलिस ने सोमवार को एक मिनी गन फैक्ट्री का खुलासा करते हुए हथियार बनाकर अपराधियों को सप्लाई करने वाले एक अपराधी को गिरफ्तार किया है। जिले के करगहर क्षेत्र में पुलिस ने बडहरी ओपी के उबधी गांव से एक देसी कट्टा सहित हथियार बनाने वाले उपकरण के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। इसकी जानकारी देते हुए बडहरी ओपी अध्यक्ष जितेंद्र कुमार पंडित ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली की उबधी गांव में एक अपराधी हथियार बनाकर बेचता है। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने गांव में छापेमारी किया। पुलिस ने रामता राम पिता स्व पारमा राम को एक देसी कट्टा के साथ गिरफ्तार किया। साथ ही साथ वहां से हथियार बनाने वाले समान को भी बरामद किया। गिरफ्तार व्यक्ति को पुलिस थाना लायी जहाँ से पूछताछ कर आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि छापेमारी के दौरान पुलिस को रमता राम के घर से एक देशी कट्टा और भारी मात्रा में हथियार बनाने वाले उपकरण बरामद करने में सफलता मिली है।



## खबरें फटाफट

### ट्यूशन पढ़ने गई किशोरी से शिक्षक ने किया दुष्कर्म, गिरफ्तार

**डुमरांव।** गुरु शिष्य के रिश्ते को शर्मसार करते हुए एक ट्यूशन टीचर ने अपनी ही छात्र के साथ दुष्कर्म किया है। घटना शनिवार की है। जिसके बाद पीड़ित छात्रा ने घर आकर अपनी मां को आपबीती सुनाई। बेटी के साथ हुए इस कुकर्म के बाद मां का कलेजा फट गया। वह अपने पति और बेटी के साथ डुमरांव थाना गए। जहां पुलिस अधिकारियों ने उन्हें बताया कि इसके लिए एक विशेष थाना है। तदुपरांत परिजन छात्रा को लेकर महिला थाना बक्सर गए। जहां पुलिस अधिकारियों ने पीड़िता की आपबीती सुनी। उन्होंने पीड़िता की लिखित शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर किया। जिसके बाद महिला थाने की पुलिस ने आरोपी ट्यूशन टीचर अनिल कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं छात्रा का मेडिकल टेस्ट करवाया गया। जानकारी के अनुसार छात्रा दसवीं क्लास में पढ़ती है तथा वह लंबे समय से उक्त शिक्षक के यहां ट्यूशन पढ़ने जाया करती थी। महिला थाना की थानाध्यक्ष कंचन कुमारी ने इसकी पुष्टि की है।

### दसियांव में 24 घंटे का अखंड संकीर्तन आयोजित

**केसठ।** प्रखंड के दसियांव गांव में सोमवार को चौबीस घंटे का अखंड हरि कीर्तन की शुरूआत की गई। जिसका नेतृत्व समाजसेवी विनायक चंद्र उपाध्याय ने की। इस दौरान हरि नाम के जयघोष से पुरा क्षेत्र गूंज उठा। हवन पूजन के साथ प्रसाद वितरण किया गया। हरि कीर्तन कार्यक्रम वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ शुरू किया गया। अखंड हरि कीर्तन में स्थानीय गांव समेत अन्य कई गांवों की कीर्तन मंडलियां भाग ले रही हैं। इस दौरान पूरा वातावरण हरिनाम कीर्तन से गुंजता रहा। विनायक उपाध्याय ने बताया कि अखंड हरि कीर्तन का समापन मंगलवार को हवन पूजन, प्रसाद वितरण एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ किया जाएगा।

# फर्जी तरीके से शौचालय की प्रोत्साहन राशि लेने वालों पर जांच के बाद भी कार्रवाई नहीं

- तीन सप्ताह पहले बीडीओ की जांच में हुआ था खुलासा, कार्रवाई सिफर

**केटी न्यूज/केसठ**




प्रखंड में फजीर्वाड़ा कर शौचलय निर्माण की प्रोत्साहन राशि हड़पने वालों पर जांच के बाद भी कार्रवाई नहीं हो सकी हैं। बता दें कि बीडीओ द्वारा जांच में दूसरे का फोटो लगा शौचालय योजना की प्रोत्साहन राशि लेने का मामला सामने आने के बाद भी तीन सप्ताह से अधिक समय गुजर जाने के बाद भी करवाई नहीं हो सकी है। जिससे स्थानीय प्रशासन पर सवालिया निशान खड़ा हो रहा है। ज्ञात हो कि प्रखंड के कतिकनार पंचायत अन्तर्गत वार्ड नंबर 10 किरनी, वार्ड नंबर 11 दंगौली गांव में फर्जी तरीके से बिना शौचालय निर्माण कराए प्रोत्साहन राशि की निकासी व एक शौचालय का निर्माण करा एक ही घर के अन्य सदस्यों द्वारा प्रोत्साहन राशि की निकासी की गई है। इसका खुलासा तब हुआ था जब केसठ प्रखंड विकास पदाधिकरी मिथलेश बिहारी वर्मा तीन सप्ताह पूर्व कतिकनार पंचायत के वार्ड 10 व 11 में जांच को पहुंचे थे।

ज्ञात हो कि बीडीओ के जांच के क्रम में वार्ड 10 में तारामुनी देवी द्वारा अपने सास के नाम पर प्रोत्साहन राशि की निकासी पूर्व में करने के बाद उसी शौचालय का पुनः फोटो के साथ आवेदन डाल प्रोत्साहन राशि की मांग की गई थी। वार्ड 10 में ही हुसैना खातून द्वारा पूर्व में अपने ही नाम पर प्रोत्साहन राशि की निकासी कर दुबारा प्रोत्साहन राशि के लिए आवेदन किया गया था। वही वार्ड 11 में प्रमिला देवी पति हीरालाल शर्मा द्वारा बिना शौचालय निर्माण के ही फर्जी फोटो के साथ आवेदन डाल संबन्धित कर्मियों की मिली भगत से पैसा की निकासी कर ली थी। जांच में फर्जी तरीके से शौचालय के प्रोत्साहन राशि निकासी का मामला प्रकाश में आया था। जांच के तीन सप्ताह बाद भी इस मामले में करवाई नहीं होना अधिकारीयों के कार्य शैली पर सवाल खड़ा कर रहा है। जानकारों की माने तो प्रखंड में अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों के मिली भगत से दो से तीन हजार रुपए लेकर फर्जी तरीके से शौचालय निर्माण के प्रोत्साहन राशि निकासी कराने का बड़ा खेल किया गया है। जानकारों का कहना है कि अगर अच्छे तरीके से इसकी जांच कराई जाए तो बड़े फजीर्वाड़ा उजागर हो सकता है। मजे की बात तो यह है कि तीन से चार घर के जांच में इतना बड़ा खुलासा हुआ है तो पूरे प्रखंड में इसकी जांच करा दी जाए तो इस खेल में संलिप्तता की पोल खुल जायेगी। प्रबुद्धजनों ने दबी जुबान से कहा कि इस खेल में अधिकारी से जनप्रतिनिधि सभी शामिल है तो जांच कौन कराएगा, यह बड़ा सवाल हैं। अब देखना यह है कि प्रशासन फर्जी तरीके से प्रोत्साहन राशि हड़पने वालों पर कब कार्रवाई करता है।

**कहते है बीडीओ**

इस संबंध में बीडीओ मिथिलेश बिहारी वर्मा ने कहा कि जिन लाभुकों ने गलत तरीके से प्रोत्साहन राशि के लिए आवेदन किया है उनका भुगतान रोक दिया गया हैं। वही लाभ लेने वालों से रिकवरी की प्रक्रिया अपनाई जा रही है।

### नगर थाने व डीआईयू टीम की संयुक्त कार्रवाई में नगर के बाइपास रोड से मिली सफलता

# 150 ग्राम हेरोइन व चोरी की बाइक के साथ 3 तस्कर गिरफ्तार, भेजे गए जेल

**केटी न्यूज/बक्सर**

बक्सर पुलिस ने 150 ग्राम हेरोइन व चोरी की एक बाइक के साथ मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले तीन तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। उनकी गिरफ्तारी बक्सर बाइपास रोड स्थित दावत होटल के पास से की गई है। बरामद हेरोइन की कीमत अंतर्राष्ट्रीय बाजार में लाखों रूपए है। गिरफ्तार किए गए तीनों तस्करों पर एनडीपीएस ऐक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेजा गया है। तीनों का अपराधिक इतिहास रहा है।

जानकारी के अनुसार एसपी मनीष कुमार को रविवार की देर शाम सूचना मिली थी कि बाइपास रोड स्थित दावत होटल के पास मादक पदार्थ के तस्कर जुटे हैं तथा यहा उनके बीच एक बड़ी डील होने वाली हैं। इस सूचना पर एसपी ने डीआईयू टीम व नगर थाने की एक संयुक्त टीम बना छापेमारी करने को कहा। छापेमारी के दौरान पुलिस ने टीम ने उक्त स्थल के पास एक बाइक पर बैठे तीन लोगों को रूकवा तलाशी ली तो एक के पास 50 ग्राम हेरोईन बरामद हुआ। इसके बाद पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर थाने लाई। पुलिस ने उनकी बाइक भी जब्त कर ली। गिरफ्तार तस्करों में राजू कुमार पिता जगदीश राम, राजू कुमार पिता गुड्डु राय व सुदामा सिंह पिता अनिल सिंह ने मादक पदार्थों की तस्करी में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली। वहीं, उनकी निशानदेही पर सुदामा सिंह के घर पुलिस ने छापेमारी कर 100 ग्राम हेरोइन बरामद किया। वही बाइक के कागजात की मांग करने पर तीनों इधर उधर की बातें करने लगे थे। बाद में तीनों ने स्वीकार किया कि यह बाइक चोरी की है तथा तस्करी के लिए इस बाइक का उपयोग वे लोग करते है। एसपी ने बताया कि तीनों का अपराधिक इतिहास रहा हैं तथा तीनों पर नगर थानें में एनडीपीएस ऐक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कराया गया है। तस्करों की गिरफ्तारी को पुलिस बड़ी सफलता मान रही है।



- मादक पदार्थों की तस्करी का गढ़ बनते जा रहा है बक्सर जिला मुख्यालय



**तस्करी थमने का नाम नहीं ले रही :** बता दें कि बक्सर शहर का पॉश इलाका मादक पदार्थों के तस्करों का गढ़ बनते जा रहा है। हालांकि पुलिस समय समय पर उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजती है, बावजूद सूत्रों का कहना है कि बक्सर में मादक पदार्थों की तस्करी थमने का नाम नहीं ले रही है। बता दें कि कुछ महीना पहले नगर थाने की पुलिस ने शांतिनगर इलाका सहित कई जगहों पर छापेमारी अभियान चलाया था। शांतिनगर मोहल्ले से कई बार हेरोईन की खेप बरामद हो चुकी है। वहीं, दो माह पहले बक्सर के बसाव मठ के पीछे एक युवक का शव बरामद हुआ था। जिसके बाद यह चर्चा तेज थी कि इस इलाके में मादक पदार्थों के सेवन करने वालों का जमावड़ा लगता है। उसकी मौत के पीछे भी नशे के ओवर डोज को बताया जा रहा था। एक बार फिर से मादक पदार्थ के साथ तस्करों की गिरफ्तारी से यह साबित हो रही है कि बक्सर में मादक पदार्थों की तस्करी का धंधा थमने का नाम नहीं ले रहा है।

### चलाया जा रहा है विशेष अभियान : एसपी



एसपी मनीष कुमार ने कहा कि मादक पदार्थ के तस्करों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस की पैनी नजर तस्करों की गतिविधियों पर है। एसपी ने कहा कि मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए सभी थानों को विशेष निर्देश दिया गया है। साथ ही, इसके लिए एक विशेष टीम बनाए जाने की तैयारी की जा रही है।

## एक नजर

### भ्रष्ट कर्मचारियों को संरक्षण दे रहा प्रशासन अधिवक्ताओं ने कार्य बहिष्कार की दी चेतावनी



**गाजीपुर।** मुहम्मदाबाद तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार के मुद्दे को लेकर सोमवार को सेंट्रल बार एसोसिएशन मुहम्मदाबाद की आवश्यक बैठक दीवानी न्यायालय परिसर में अध्यक्ष अनिल राय सोनू की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें सदस्यों ने तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज बुलंद करते हुए कहा कि पूर्व में पारित प्रस्ताव के एक सप्ताह का समय बीतने के बाद भी अभी तक तहसील प्रशासन दोषियों पर कार्रवाई नहीं किया। अधिवक्ताओं ने कहा कि तहसील प्रशासन भ्रष्ट कर्मचारियों को संरक्षण प्रदान कर रहा है। उन्होंने कहा कि तहसील प्रशासन के इस कृत्य के चलते सरकार की छवि धूमिल हो रही है। अधिवक्ताओं ने कहा कि यदि 48 घंटे के भीतर दोषी भ्रष्ट कर्मचारियों को चिन्हित कर आला अफसर तत्काल कार्रवाई नहीं करते हैं, तो हम सभी अधिवक्ता अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार कर हड़ताल पर जाने को विवश होंगे। अधिवक्ताओं ने सर्वसम्मति से 29 मई से लेकर 31 मई तक कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष दयाशंकर दुबे धनंजय राय मुन्ना यादव सीताराम राजभर गोविंद नारायण सिन्हा मृत्युंजय राय आदि लोग उपस्थित रहे।

### पुलिस ने खोज निकाली लूट, चोरी, छिनतई और गायब 23 मोबाइल

**आरा।** भोजपुर में छिनतई, लूट, चोरी और गायब मोबाइल की बरामदगी में जुटी पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस की विशेष रिकवरी टीम की ओर से 23 मोबाइल बरामद किया गया है। सोमवार की शाम पुलिस ऑफिस में धारकों को उनके मोबाइल लौटाये गये। एसपी प्रमोद कुमार द्वारा सभी धारकों को सम्मान के साथ मोबाइल सौंपा गया। इधर, महीनों से गायब मोबाइल मिलते ही धारकों के चेहरे पर खुशी चमक उठी। सभी ने मोबाइल खोज निकालने के लिए भोजपुर पुलिस को धन्यवाद भी दिया। वहीं एसपी ने आश्वासन दिया गया कि पुलिस चोरी वह गायब मोबाइल और बाइक की बरामदगी को लेकर संकल्पित है। मौके पर एसपी की ओर एसपी द्वारा दिन हो रात, धूप हो बरसात, भोजपुर पुलिस आपके साथ का नारा भी बुलंद किया। भोजपुर पुलिस की ओर से 15 अगस्त 2021 के बाद अबतक 555 से अधिक छिनतई, चोरी लूट और गायब मोबाइल बरामद की जा चुकी है। एसपी ने बताया कि भोजपुर पुलिस काफी पहले से ही लूट, चोरी, छिनतई और गायब मोबाइल की बरामदगी करने में जुटी है। उसके लिए टीम भी गठित की गयी है। विभिन्न थानों में दर्ज सनहा और केस के जरिए मोबाइल धारकों का पूरी डिटेल्स लेने के बाद टीम वैज्ञानिक तरीके से बरामदगी में जुट जाती है?। उसके बाद आइएमईआई नंबर के जरिए टीम मोबाइल खोज निकालती है। उसी क्रम में टीम द्वारा फिर गायब 30 एंड्रॉयड मोबाइल बरामद किया गया है। उनमें जांच के बाद 23 मोबाइल असली धारकों को सौंप दिया गया। हालांकि अभी कुछ मोबाइल की जांच की जा रही है। बता दें कि भोजपुर के तत्कालीन एसपी विनय तिवारी की ओर से मोबाइल और बाइक की बरामदगी की शुरूआत की गयी है। 15 अगस्त 2021 को मोबाइल रिकवरी टीम गठित की गयी थी। उसके बाद से लगातार अभियान चलाया जा रहा है।



### मेघबरन के सात खिलाड़ियों से सजी यूपी की टीम ने जीता सब जूनियर का खिताब



**गाजीपुर।** उड़ीसा के बिरसा मुंडा अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में चल रही 13वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2023 के रविवार को खेले गए फाइनल मैच में करमपुर के मेघबरन स्टेडियम के सात खिलाड़ियों से सजी यूपी की टीम ने उड़ीसा की टीम को 7-1 के अंतर से हराकर खिताब पर कब्जा जमा लिया। इस जीत से स्टेडियम के प्रशिक्षुओं और खेल प्रेमियों में हर्ष का माहौल व्याप्त हो गया। मेघबरन स्टेडियम के हाकी कोच इंद्रदेव ने बताया कि इस चैंपियनशिप में यूपी टीम के कप्तान अजीत यादव के अलावा विशाल पांडेय, सत्यम् पांडेय, राहुल राजभर, त्रिलोकी बेनवंशी, आशु मोर्या एवं अजय गौड़ आदि खिलाड़ी मेघबरन स्टेडियम के प्रशिक्षु हैं। जिसमें 52वें मिनट में राहुल राजभर और 54वें मिनट में कप्तान अजीत यादव ने भी उड़ीसा के खिलाफ एक एक फील्ड गोल दागे। उधर मेघबरन स्टेडियम के संचालक अनिकेत सिंह ने कहा कि संस्थापक तेजबहादुर सिंह के निधन के बाद स्टेडियम के सफल संचालन के लिए पूर्व सांसद राधेमोहन सिंह बधाई के पात्र हैं।

# फ्री के राशन का पैसा ले रहा था पीडीएस होल्डर, उपभोक्ताओं ने काटा बवाल

**केटी न्यूज/सिमरी**



सिमरी प्रखंड के बलिहार पंचायत अंतर्गज नगपुरा गांव में सोमवार को एक पीडीएस दुकानदार द्वारा कम तौल दिये जाने तथा फ्री के अनाज का पैसा लिये जाने का मामला तूल पकड़ लिया। दुकानदार की इस मनमानी के खिलाफ उपभोक्ताओं ने उसकी दुकान पर ही हो हंगामा शुरू कर दिया। इसकी जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची एमओ ने उपभोक्ताओं को समझा बुझाकर शांत कराया तथा उनकी शिकायतों की जांच की। इस दौरान उपभोक्ताओं ने एमओ को बताया कि सोमवार को कुछ उपभोक्ता पीडीएस होल्डर इन्द्रजीत कुमार के पास राशन लेने पहुंचे तो दुकानदार कम वजन के साथ फ्री वाले राशन का पैसा मांग रहा था।

उपभोक्ताओं ने विरोध किया तो वह उनके साथ मारपीट पर उतारू हो गया। उपभोक्ता राम विदेश यादव, राम खिलाड़ी यादव, मैनेजर मियां, टुइयां मियां, टेढू मियां, मुटन शाह, ललन यादव, बदन यादव आदि ने बताया कि पॉश मशीन का हवाला दे अप्रैल माह का राशन नहीं दिया था। जबकि सोमवार को अप्रैल व मई माह की राशन की मांग करने लगे तो दुकानदार ने उपभोक्ताओं से कहा कि अप्रैल माह का राशन रिर्टन हो चुका है। वहीं दुकानदार की बात सुनकर उपभोक्ता भड़क कर बवाल करने लगे। वहीं मौके पर पहुंची एमओ प्रिति कुमारी ने जांच के बाद बताया कि स्टॉक वितरण पंजी के संधारण में काफी अनियमितता पाई गई है। जांच प्रतिवेदन वरीय पदाधिकारियों सौंपी जाएगी। जिसके बाद कार्रवाई तय है।

# जंगलीनाथ मंदिर से चोरी हुई बाइक, सीसीटीवी में कैद वारदात के आधार पर छापेमारी शुरू

**केटी न्यूज/डुमरांव**

स्थानीय थाना क्षेत्र के जंगलीनाथ महादेव मंदिर के समीप एक बाइक चोरी किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में बाइक चुराते उचक्कें की तस्वीर पुलिस के हाथ लगी है। जिसके आधार पर पुलिस कई जगहों पर छापेमारी कर रही हैं। बताया जाता है कि सोमवार को मठिला गांव का रहने वाला गुलशन कुमार अपने बाइक को लेकर जंगलीनाथ महादेव के दर्शन के लिए आया था। वह बाइक को मंदिर गेट के समीप खड़ा कर दर्शन करने चला गया। इसी दौरान एक उचक्का बाइक पर हाथ साफ कर दिया। जब पीड़ित मंदिर से बाहर निकला तो उसकी बाइक नदारद थी। काफी खोजबीन किया लेकिन बाइक का कोई सुराग नहीं मिला।

पुलिस को बाइक चुराते एक उचक्के की तस्वीर हाथ लगी और पुलिस उस आधार पर उचक्के की पहचान करने तथा बाइक बरामद करने के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। थानाध्यक्ष बिंदेश्वर राम ने बताया कि तस्वीर के आधार पर पुलिस कई जगहों पर छापेमारी कर उचक्के की पहचान करने में जुट गयी है। गौरतलब है कि जंगलीनाथ शिव मंदिर के पास से अक्सर बाइक चोरी की घटनाएं होती हैं। जानकारों की मानें तो इस मामले में मंदिर प्रबंधन का अड़ियल रूख भी कम जिम्मेवार नहीं है। बताया जाता है कि मंदिर प्रबंधन द्वारा मुख्य गेट में हर समय ताला बंद रखा जाता है, जिस कारण मंदिर में दर्शन व पूजन करने आने वाले श्रद्धालु बाहर बाइक खड़ा करने को मजबूर होते है। यह मंदिर शहर से दूर तथा सुनसान इलाके में है, जिस कारण चोर उचक्कों के लिए काफी मुफीद होता है। इस मंदिर के पास से लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से लोगों में आक्रोश गहराते जा रहा हैं।



### गरीबों का फर्जी बिजली बिल वापस लेने सहित विभिन्न मांगों के लिए भाकपा-माले ने दिया एकदिवसीय धरना

# गरीब और किसानों को 200 यूनिट बिजली फ्री देने की उठी मांग

**केटी न्यूज/आरा**



भाकपा-माले ने सोमवार को जिले के तीन अनुमंडल केंद्रों पर गरीबों का फर्जी बिजली बिल वापस लेने सहित विभिन्न मांगों को लेकर भाकपा-माले ने बिजली विभाग पूर्वी गुमटी के समक्ष एक दिवसीय विशाल धरना दिया। जिसमें आरा प्रमंडल के प्रखंडों से सैकड़ों उपभोक्ता शामिल हुए। धरना के माध्यम से विभिन्न मांगे उठी। विभाग द्वारा सैकड़ो गरीबों के घर फर्जी बिल भेजा गया है! जिसे पंचायत स्तरीय कैम्प लगा कर समय सीमा के भीतर सुधार किया जाए, विभिन्न राज्यों के तर्ज पर सभी को 200 यूनिट फ्री बिजली दी जाए। बीपीएल परिवारों का बिजली बिल माफ किया जाए, जर्जर तारों को अविलंब बदला जाए, प्रीपेड मीटर को वापस लिया जाए, आरा शहर में बिजली के तार को अंडरग्राउंड किया जाए, कृषि कार्य हेतु मुफ्त बिजली का प्रबंध किया जाए। इस क्रम में माले ने प्रशासन को मांग पत्र सौंपा। जिसके बाद उपर्युक्त मांगों पर बिजली विभाग के एसडीओ, कार्यपालक अभियंता धरनार्थियों के बीच वार्ता हुई।

वार्ता के दौरान माले नेताओं ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार बिजली बिल का निजीकरण कर बिजली कम्पनियों को गरीबों को चूसने का प्रमाण पत्र दे दिया है। जिस गरीब के घर बिजली के तार भी नही गया है उनके घर लाखों का बिल चला गया है। भोजपुर के लिए बड़े शर्म की बात है कि केंद्रीय ऊर्जा मंत्री का क्षेत्र होने के बाउजूद भी जिले में किसानों को कृषि कार्य के लिए बिजली नही मिलता है!जर्जर तार से आए दिन लोगों की जान जाती है। आरा शहर में अभी तक अंडरग्राउंड नही हुआ है।

इस धरना में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से भाकपा-माले केंद्रीय कमेटी सदस्य राजू यादव, केन्द्रीय कमेटी सदस्य व अगियांव विधायक मनोज मंजिल, राज्य कमेटी सदस्य संजय सिंह,राज्य कमेटी सदस्य विजय ओझा, आइसा राज्य सचिव शब्बीर कुमार, इंनौस राज्य सचिव शिवप्रकाश रंजन, गड़हनी प्रखंड सचिव सुनील कुमार, अगियांव प्रखंड सचिव रघुवर पासवान, कोईलवर प्रखंड सचिव विष्णु ठाकुर,उदवंतनगर प्रखंड सचिव रामानुज जी, जिला कमेटी सदस्य राजनाथ राम, रामछपित राम, दशईं राम, देवंती देवी, चंदन कुमार, अमित कुमार बंटी विशाल कुमार, दीना जी, पप्पू कुमार राम, विकास कुमार,शिवमंगल यादव, निरंजन केसरी, रौशन कुशवाहा, पंकज कुशवाहा, हरेराम सिंह, भगवती चौधरी, चंदेश्वर राम, मनोज कुमार यादव, विवेक यादव, संतोष कुमार राम, भीम बिंद, संतोष चंद्रवंशी, अनीता देवी, गुड़िया देवी, फुलेश्वरी देवी, कुसुम देवी आदि सैकड़ों लोगों शामिल थे। धरना की अध्यक्षता भाकपा-माले नगर सचिव दिलराज प्रीतम ने की।

# महिला सशक्तिकरण: अब जनपद की महिला होमगार्ड थामेंगी 112 की स्टेयरिंग

**तिलक कुमार/बलिया**

अब प्रदेश में जल्द ही महिला होमगार्ड भी सड़क पर पुलिस की गाड़ियां दौड़ाती नजर आएंगी। करीब 150 महिला होमगार्ड को केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थान में विशेषज्ञों द्वारा विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण संस्थान पुरानी जेल रोड स्थित होमगार्ड मुख्यालय में है। प्रशिक्षण कार्यक्रम एक से 31 जून तक चलेगा। इसके बाद महिला होमगार्ड को विभाग की ओर से ड्राइविंग लाइसेंस और सर्टिफिकेट भी दिया जाएगा। प्रशिक्षण के बाद इन महिला होमगार्ड को डायल 112 के अलावा पिंक पुलिस और 1090 की महिला पुलिस अधिकारियों के साथ तैनात किया जाएगा। महिला होमगार्ड उनकी गाड़ियां चलाएंगी। बीते दिनों इस संबंध में शासन के निर्देश पर अपर मुख्य सचिव होमगार्ड अनिल कुमार द्वितीय, डीजी होमगार्ड विजय कुमार, डीआइजी मुख्यालय रणजीत सिंह, डीआइजी केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थान विवेक कुमार सिंह की बैठक में पूरी कार्ययोजना तैयार की गई।




■ यूपी में पुलिसिंग को रफ्तार देंगी महिला होमगार्ड

## होमगार्ड को और सशक्त बनाने की शासन की मंशा, महिला हिंसा पर कसेंगी नकेल

पिंक पुलिस, 1090 समेत अन्य महिला पुलिस विंग में तैनात महिला पुलिस अधिकारियों द्वारा छेड़छाड़, महिला हिंसा से संबंधित मामलों में जब किसी अपराधी की गिरफ्तारी अथवा हिरासत में लिया जाता है। ऐसी स्थिति में पुरुष वाहन चालकों के साथ में होने के कारण उन्हें अपराधी से पूछताछ में दिक्कतें होती हैं। इसलिए महिला पुलिस अधिकारियों और महिला पुलिस विंग के साथ इन होमगार्ड महिला पुलिस चालकों की तैनाती की जाएगी। इसके साथ ही महिला होमगार्ड को और सशक्त बनाने की मंशा शासन की है।

**12 मंडलीय प्रशिक्षण केंद्र की महिला होमगार्ड का होगा प्रशिक्षण :** योजना के तहत शासन की पहल पर पहले फेस में 12 मंडीलय प्रशिक्षण केंद्र की महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसमें मंडलीय प्रशिक्षण केंद्र लखनऊ, कानपुर, झांसी, आगरा, मेरठ, मुरादाबाद, बरेली, अयोध्या, आजमगढ़, वाराणसी, गोरखपुर और प्रयागराज है। प्रदेश भर में महिला होमगार्ड की संख्या करीब चार हजार है। हालांकि स्वीकृत संख्या पांच हजार के आस पास है।

## गंगा में डूबने से युवती की मौत, घर में चल रही थी शादी की तैयारी

**बलिया।** जनपद के बैरिया थाना क्षेत्र के उदई छपरा, गोपालपुर गंगा घाट पर सोमवार की सुबह स्नान करते वक्त डूबने से एक युवती की मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं, परिवार में कोहराम मचा हुआ है। ग्राम पंचायत दया छपरा के पुरवा प्रसाद छपरा निवासी रचना तिवारी (24) पुत्री श्यामसुंदर तिवारी सोमवार की सुबह घर एवं पड़ोस की महिलाओं के साथ उदई छपरा गंगा घाट पर स्नान करने गई थी। बताया जा रहा है कि स्नान करते वक्त रचना का पैर फिसल गया और गहरे पानी में डूबने लगी। रचना को डूबते देख महिलाओं ने हो-ल्ला करना शुरू दिया। लोग जब तक कुछ समझ पाते, रचना डूब चुकी थी। ग्रामीणों ने तुरंत गंगा में गोता लगाकर रचना को अचेतावस्था में बाहर निकाल लिया। रचना को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनबरसा पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि युवती का तिलकोत्सव 30 मई को ही था, लेकिन अचानक हुई घटना ने सभी को झकझोर दी है। बेटी के इस फैसले से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है। उनका कहना है कि यदि उसे शादि नहीं करनी थी तो मना कर देती, जान देने की क्या जरूरत थी।

## जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय में हिन्दी पत्रकारिता दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन

# संचार में प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया ही नहीं देहभाषा और प्रत्यक्ष संवाद भी जरूरी: कुलपति

**केटी न्यूज/बलिया**

हिन्दी पत्रकारिता दिवस की पूर्व संध्या पर सोमवार को पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग, जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय द्वारा 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति -2020 के क्रियान्वयन में संचार की भूमिका' विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य वक्ता प्रो. संजय कुमार सिंह, कुलपति, बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर केन्द्रीय विश्वविद्यालय, लखनऊ ने कहा कि हमारे विश्वविद्यालय शिक्षा के मंदिर हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति को सफल बनाने में हमारे शिक्षक पूरी निष्ठा से कार्य कर रहे है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत विद्यार्थियों को शिक्षा देने के साथ कौशल विकास पर बल दिया गया है। च्वाइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम को विश्वविद्यालय में लागू करने से विद्यार्थियों को अध्ययन में सुविधा प्राप्त होगी। हर विद्यार्थी का एकेडमिक बैंक क्रेडिट अकाउंट होने से उन्हें आजादी मिलेगी।

अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए कुलपति प्रो.संजीत कुमार गुप्ता ने कहा कि संचार में केवल प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया ही नहीं आते बल्कि देहभाषा और प्रत्यक्ष संवाद भी महत्त्वपूर्ण हैं। कोरोना काल में एनईपी का क्रियान्वयन आरंभ हुआ, जिसमें संचार माध्यमों ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। विषय प्रवर्तन करते हुए प्रो.जैनेन्द्र पाण्डेय ने कहा कि इंटरनेट के माध्यम से संचार की गति अति तीव्र हो गयी है। हमें इसका सकारात्मक उपयोग करना चाहिए। कार्यक्रम में स्वागत विनय कुमार, संचालन डॉ. प्रमोद शंकर पाण्डेय एवं धन्यवाद ज्ञापन कुलसचिव एस. एल. पाल ने किया। इस अवसर पर प्रो. साहेब दूबे, प्रो. बी. एन. पाण्डेय, प्रो. नीरजा सिंह, प्रो. आर. एन. मिश्र, डॉ. पुष्पा मिश्रा ,डॉ प्रियंका सिंह, डॉ विनीत सिंह, डॉ अजय कुमार चौबे,आदि प्राचार्य, प्राध्यापक ट्विंकल वर्मा, पूजा सिंह, डॉ रूबी एवं पत्रकारिता विभाग के छात्र दुर्गेश कुमार सिंह, रामभगत सिंह, डॉ लाल विजय सिंह, मिथिलेश सिंह , दानिश अंसारी, जितेंद्र, अनिल वर्मा, नंदलाल, प्रवीण, वैभव आदि उपस्थित रहे।



■ कुलपति प्रो. संजय कुमार सिंह ने कहा विद्यार्थियों के लिए च्वाइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम की होगी शुरुआत

**हिंदी पत्रकारिता दिवस पर कुलपति ने दी बधाई :** जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो संजीत कुमार गुप्ता ने अपने साक्षात्कार में बताया कि किसी भी विषय को पढ़ने और पढ़ाने में संचार की अहम भूमिका होती है। पत्रकारिता दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित इस कार्यक्रम में संचार माध्यमों की महत्त्वपूर्ण भूमिका का जो विश्लेषण किया गया, उसका प्रयोग करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रो. संजय सिंह, कुलपति, बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर केंद्रीय यूनिवर्सिटी, लखनऊ ने इस नई शिक्षा नीति पर कई शोध किए हैं। उन्होंने बताया कि जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय और संबद्ध महाविद्यालयों को इसके द्वारा ऐसे गुणवान और चरित्रवान विद्यार्थी तैयार करना होगा जो समाज के लिए उपयोगी सिद्ध हों। बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रति जागरूकता बढाने की आवश्यकता है। इसके लिए आपस में बैठकर, अभियान चलाकर, संचार के माध्यम से आगे बढ़ना चाहिए। साथ ही उन्होंने हिंदी पत्रकारिता दिवस पर समस्त पत्रकारों को उनके बहुमूल्य सामाजिक योगदान के लिए धन्यवाद दिया। कुलपति द्वय ने सभी पत्रकार बंधुओं और पत्रकारिता के विद्यार्थियों को हिंदी पत्रकारिता दिवस की बधाई भी दी ।

## बालक के साथ अप्राकृतिक दुष्कर्म का साधु ने किया प्रयास, भेजा जेल

**केटी न्यूज/बलिया**

बैरिया थाना क्षेत्र में गत शनिवार को एक 10 वर्षीय बालक के साथ अप्राकृतिक दुष्कर्म का प्रयास करने वाले बरमेश्वर साधु उर्फ बरमेश्वर वर्मा को बैरिया पुलिस ने सोमवार को कोटवा मोड़ से गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए न्यायालय के सुपुर्द कर दिया है।

उक्त जानकारी देते हुए एसएचओ धर्मवीर सिंह ने बताया कि आरोपी तीन दिन पहले एक 10 वर्षीय बालक के साथ गन्दी हरकत करने का प्रयास किया था। इस संदर्भ में पीड़ित के पिता की तहरीर पर बरमेश्वर साधु उर्फ बरमेश्वर वर्मा निवासी तालिबपुर पर धारा 377, 511 भादवि व पाक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर सोमवार को कोटवा मोड़ से उस समय उसे गिरफ्तार कर लिया गया। जब वह साइकिल से बिहार जाने के लिए निकला हुआ था। एसएचओ ने बताया कि बरमेश्वर साधु सांप पकड़ने का काम करता है। ऐसी सूचना मिली है कि बहुत सारे सांप उसने अपने घर में रखा है। उसे मुक्त कराने के लिए वन विभाग को पत्र भेजा गया है। जिसमें वन विभाग को सूचना दी गई है कि साधु के द्वारा पकड़ कर रखे गए सांपों को सुरक्षित कहीं छोड़ दिया जाए। जिसस आसपास के लोगों को सुरक्षित रखा जा सके। वहीं, घटना के बाद साधु के प्रति लोगों में काफी आक्रोश देखा गया।



## कोटेदारों ने जून का राशन उठाव न करने की दी चेतावनी

**बलिया।** जिला कोटेदार संघ की बैठक सोमवार को चंद्रशेखर उद्यान में हुई। इसमें जिले के समस्त राशन डीलर मौजूद थे। बैठक में सभी कोटेदारों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि 31 मई तक यदि हम लोगों का बकाया भुगतान नहीं किया गया तो जून माह का राशन वितरण पूरी तरह से ठप कर दिया जाएगा। जिसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। बैठक को संबोधित करते हुए उपाध्यक्ष दिनेश मिश्र ने कहा कि सिंगल स्टेप डिलीवरी शासनादेश के अनुसार दुकान तक खाद्यान्न पहुंचायी जाए। महासचिव उदयभान पांडेय ने संगठन को मजबूत करने पर बल दिया। संरक्षक शिवनाथ सिंह एवं गोगा पाठक ने संगठन को मजबूत करने का मंत्र दिया। कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश पांडेय ने सभी कोटेदारों का आभार व्यक्त किया। बैठक में धनंजय राय, सुशील सिंह, दिलीप सिंह, दिनेश राय, जितेंद्र पांडेय, अनिल तिवारी, संतोष, गुड्डू सिंह, ओमकार सिंह, शिवजी पाठक, अशोक यादव आदि मौजूद रहे।

## बीयर की दुकान का लाइसेंस दिलाने के नाम पर ऐंठ लिए 30 लाख, केस दर्ज

**केटी न्यूज/बलिया**

बांसडीह में बीयर की दुकान का लाइसेंस दिलाने के नाम पर तीस लाख रुपए की धोखाधड़ी का मामला प्रकाश में आयाा है। जिसमें पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपित के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। बकवा निवासी अवधेश पांडेय ने पुलिस को तहरीर देकर शिकायत की थी कि वर्ष 2020 में बांसडीह महाविद्यालय पर रहने वाले एक व्यक्ति राजन सिंह उर्फ गोलू सिंह निवासी ताखा थाना गड़वार से उनकी जान पहचान के बाद संबंध बन गए थे।

उसने बताया था कि बीयर की दुकान का लाइसेंस व सिक्योरिटी मनी के रूप में 30 लाख रुपये खर्च करने पर वे बीयर बार का लाइसेंस दिलवा सकते हैं। राजन सिंह की बातों से विश्वास में आकर उन्हें फरवरी 2021 में 10 लाख रुपये दे दिए। इसके बाद अगस्त माह में 11 लाख 30 हजार रुपये दे दिए। इसके एक सप्ताह बाद 7 लाख 2 हजार रुपये और राजन सिंह के मांगने पर उनको दिए गए.इसी क्रम में उनके कहने पर क्रमशः अलग अलग तिथियों में 22 हजार 400 , 77 हजार, 53 हजार 10 हजार व 15 हजार रुपये अलग अलग लोगों के खाते में मोबाइल से ट्रांसफर किया गया। पैसे लेकर राजन सिंह काफी दिनों तक लाइसेंस दिलाने के नाम पर हीलाहवाली करते हुए तारीख देता रहा। हारकर जब अंत में उससे पैसा मांगा गया तो उसने पैसा देने से इंकार करते कहा कि पैसा नहीं देंगे जो करना है कर लो। मुझसे छलपूर्वक धोखेबाजी से 30 लाख रुपया लिया जा चुका है। पीड़ित की तहरीर पर जांच कर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ छलपूर्वक पैसे लेने और धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। इस संबंध में इंस्पेक्टर बांसडीह योगेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि प्रकरण में पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।




## विकास खंड बाराचवर व मनिहारी में सुपरवाइजर और सुरक्षा गार्ड की भर्ती का चयन कार्यक्रम आयोजित

# 250 आवेदन पत्रों में से 119 लाभार्थियों का किया गया चयन

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

कमान्डेंट क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र जौनपुर रजनीश राय द्वारा एसएससीआई व एसआईएस सुरक्षा एजेंसी के माध्यम से विकास खंड बाराचवर एवं मनिहारी में सुपरवाइजर एवं सुरक्षा गार्ड की भर्ती का चयन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें कुल 250 आवेदन पत्र प्राप्त हुए जिमसें 119 लाभार्थियों का चयन किया गया।

इस क्रम में बाराचवर में 100 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें 49 लाभार्थियों का चयन किया गया एवं विकास खंड मनिहारी में 150 आवेदन पत्र प्राप्त हुए और 70 लाभार्थियों का चयन किया गया। चयन के दौरान जितनी आवश्यक निर्देश है। उनका शत- प्रतिशत पालन किया जाए। जितने भी लाभार्थी चयन हुए हैं, उनका जौनपुर ट्रेनिंग सेंटर ट्रेनिंग प्राप्त करने के लिए तिथि पर उपस्थित होना अनिवार्य है। डिप्टी कमांडेंट रजनीश राय ने बताया समस्त विकास खंडों में तिथिवार कैम्प के माध्यम से रोजगार प्रदान किया जा रहा है। यह 13 जून तक भर्ती शिविर का आयोजन ब्लॉक स्तरों पर किया जाएगा। ब्लाक स्तर पर उपस्थित अधिकारीगण का पूर्ण सहयोग रहा एवं जनपद के समस्त बेरोजगार लाभार्थियों से अपील किया कि रोजगार के लिए हमारे कैम्प तक आने का प्रयास करें।

उन्होंने बताया कि एक जून 2023 को मनिहारी एवं बाराचावर में शिविर का आयोजन समय दस बजे से तीन बजे तक रहेगा। उसके उपरानत 02 व 03 जून 2023 को करण्डा एवं मुहम्मदाबाद में, 04 व 05 जून, 2023 को सैदपुर एवं भॉवरकोल में, 06 व 07 जून, 2023 को देवकली व जमानियॉं में 08 व 09 जून 2023 बिरनो एवं रेवतीपुर, 10 व 11 जून 2023 को मरदह एवं भदौरा में 12 व 13 जून 2023 को सादात एवं गाजीपुर सदर ब्लाकों में शिविर का आयोजन समय 10:00 बजे से 03:00 बजे तक रहेगा। डिप्टी कमान्डेंट रजनीश राय ने बताया कि बेरोजगारों को रोजगार से जोड़ने के लिए सरकार की मुहिम को साकार करने के लिए कोविड-19 की गाइडलाइन की पालन, सोशल डिस्टेंसिंग को ध्यान में रखकर और मास्क लगाकर, इच्छुक बेरोजगार अभ्यर्थी जिनकी योग्यता सुरक्षा जवान हेतु 10वीं पास, उम्र 21 से 37 वर्ष, लंबाई 168 सेंटीमीटर एवं सुपरवाइजर हेतु 12वीं पास उम्र 21 से 37 लंबाई 170 सेंटीमीटर, आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के साथ पात्रता के लिए दो पासपोर्ट साइज फोटो, हाईस्कुल की मार्कशीट की फोटो कॉपी एवं आधार कार्ड की फोटो कॉपी के साथ उपस्थित रहेंगे।



## एक नजर

### सगाई के दौरान हुई मारपीट व हवाई फायरिंग, छह पर नामजद मुकदमा दर्ज

**बलिया।** रविवार की शाम सहतवार रेवती मार्ग स्थित एक उत्सव वाटिका में सगाई के रस्म के दौरान किसी बात को लेकर जमकर मारपीट हुई। इसके साथ ही हवाई फायरिंग भी हुई, जिससे वहां भगदड़ मच गई। जो सूचना मिलते ही सीओ पास जी एवं थानाध्यक्ष सहतवार भी मौके पर पहुंच गए। इस मामले में पीड़ित द्वारा सहतवार थाने में 6 नामजद व 15 - 20 अज्ञात लोगों के विरुद्ध तहरीर दी गई। जिसके बाद पुलिस मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई में जुट गई। मिली जानकारी के अनुसार सहतवार थाना क्षेत्र के दतौली निवासी राणा प्रताप सिंह पुत्र स्वर्गीय बलवन्त सिंह ने तहरीर में आरोप लगाया है कि हमारे लड़की की सगाई का कार्यक्रम सहतवार रेवती मार्ग पर स्थित ममता उत्सव वाटिका में चल रहा था। इसी दौरान पुरानी रंजिश को लेकर ममता उत्सव वाटिका के बगल के ही 15 से 20 अज्ञात लड़को लाठी डंडे व कट्टे के साथ आकर मारपीट करने लगे। उस समय हमारा लड़का सगाई के कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत कर रहा था। वह अंदर भागकर किसी तरह जान बचाया। वहीं उनके रिश्तेदार समझा-बुझाकर उन लोगों को किसी तरह बाहर किया। इसी बीच एक लड़के ने मेरे को लक्ष्य कर फायरिंग कर दिया। संयोग अच्छा रहा कि मै बाल बाल बच गया। इस बाबत सहतवार थानाध्यक्ष मनोज सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।



### ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे की भेंट चढ़ेंगे गरीबों के आशियाने, पैसा लेकर नहीं कराई रजिस्ट्री

**बलिया।** एक तरफ ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस वे बनने से होने वाले फायदों को जानकर लोग खुश हैं तो वहीं दूसरी तरफ कुछ गरीब परिवार मायूस हैं, क्योंकि इनके खून-पसीने की मेहनत से बने आशियाने इसके जड़ मे आएंगे जिसको सरकार तोड़ने जा रही है। इन गरीबों की जमीन पर सरकार ने अधिग्रहण कर लिया है और अब सभी आवास तोड़ दिए जाएंगे। इससे लोग काफी ज्यादा परेशान हैं। बता दें कि बलिया शहर के वार्ड नम्बर 11 में एक बड़ा हिस्सा ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे में आ रहा है जो हिस्सा एक्सप्रेसवे में आ रहा है वहां लगभग एक दर्जन परिवारों ने अपना पक्का मकान बनवाया है। इन घरों को अब तोड़ा जाएगा, साथ ही लोगों को 3 दिन के अंदर घर खाली करने का अल्टीमेटम भी दे दिया गया है। अचानक घर तोड़ने का नोटिस हाथ में आने से लोग परेशान हैं। उन्होंने बताया कि मम गरीब है इसलिए एक स्टाम्प पेपर पर समझौते के मुताबिक जमीन के कीमत को कई किस्तों में दे दिया गया लेकिन जमीन के मालिक ने इसकी रजिस्ट्री हमारे नाम से नही की। अब ये जमीन एक्सप्रेस वे में आ रही है। न तो हमारे पैसे वापस हुए और न ही जमीन दी गई है। सीधे घर तोड़ने की चेतावनी दी जा रही है। अगर ऐसा हुआ तो हम घर खाली नहीं करेंगे। सभी लोगों ने उत्तर प्रदेश सरकार से न्याय की गुहार लगाई है। उनका कहना है कि जमीन मालिक ने सरकारी पैसा भी ले लिया और जमीन भी हमारे नाम नहीं की। लिहाजा हम आत्महत्या करने को मजबूर हैं। सरकार हमारी मांगों पर सुनवाई करें।



### सादगी पूर्वक मनाई गई पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वर्गीय गोरी भैया की 25वीं पुण्यतिथि

**बलिया।** उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री और विधानसभा क्षेत्र कोपाचीट (अब फेफना) के विधायक रहे गौरी भईया की 25वीं मनाई गई। सर्वदलीय श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया था जिसमें सभी पार्टियों के बड़े नेताओं ने उनके प्रतिमा स्थल सागरपाली में आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किये। गौरी भईया के पुत्र सिद्धार्थ शंकर सिंह गोलू ने पुण्यतिथि पर आये लोगों का स्वागत किया। सागरपाली में जन्मे गौरीशंकर सिंह को लोग गौरी भैया के रूप में जानते थे। जिले के सबसे बड़े टीडी कॉलेज के छात्रसंघ अध्यक्ष से अपनी राजनीतिक पारी शुरू करने वाले गौरी भैया पूर्व प्रधानमंत्री चन्द्रशेखर के सबसे करीबियों में से एक थे। उन्होंने चन्द्रशेखर का साथ मरते दम तक नहीं छोड़ा। कोपाचिट (वर्तमान में फेफना) विधानसभा क्षेत्र से 1977 से 1990 तक लगातार चार बार विधायक चुने गए। 1980 में दूसरी बार विधायक बनने पर पुरानी जीप खरीदी थी। 1990 में मुलायम सिंह यादव की सरकार में पहली बार कैबिनेट मंत्री बने तो बलिया आगमन पर उनके स्वागत में जनसैलाब उमड़ पड़ा था। वह क्षेत्र के लोगों की पैरवी बिना भेदभाव करते थे। चाहे वह उनका समर्थक हो या विरोधी, सबके लिए तुरंत चल देते थे। उनकी गरीबों का मसीहा की छवि थी। जन-जन के लिए हर समय खड़े रहने वाले गौरी भैया का जब 28 मई 1998 को निधन हुआ तो उनके पास खाते में सिर्फ 250 रुपये थे। जबकि पत्नी, दो बेटियों और दो बेटों का भरा पूरा परिवार उनके पीछे था। गौरी भैया के बारे में कहा जाता है कि उनके पास जो भी कुछ रहता था, उसे अपने साथ के लोगों में बांट देते थे।



### बार काउंसिल के पूर्व अध्यक्ष राज्य के अपर महाधिवक्ता नियुक्त, लगा बधाइयों का तांता

**मऊ।** बार काउंसिल के पूर्व अध्यक्ष, लखनऊ हाईकोर्ट खण्डपीठ के वरिष्ठ अधिवक्ता और मऊ निवासी अनिल प्रताप सिंह को योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश राज्य का अपर महाधिवक्ता नियुक्त किया है। उनको मिली इस नई जिम्मेदारी से मऊ जनपद सहित यूपी के अन्य जनपदों के अधिवक्ताओं में हर्ष है। लोगों ने उन्हें फोन करके बधाई दिया है। बताते चलें कि जनपद मऊ के मुहम्मदाबाद गोहना के ग्राम अन्नूपार पोस्ट केरमा निवासी बार काउंसिल के पूर्व अध्यक्ष अनिल प्रताप सिंह को उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने उन्हें उत्तर प्रदेश राज्य का अपर महाधिवक्ता नियुक्त किया है। श्री सिंह पिछले 30 वर्षों से एक अनुभवी अधिवक्ता के रुप में कार्य कर रहे हैं। उनके द्वारा प्रिया वाही मर्डर केस, मधुमिता शुक्ला मर्डर केस, शेखर तिवारी मर्डर केस, अजीत सिंह मर्डर केस और कई अन्य हाई प्रोफाइल मामलों में पेश हुए हैं। इसके अलावा यूपीपीसीएल-पीपीएफ घोटाला, यूपीएसआईडीए घोटाला, आजम खान केस और अन्य मामलों में उन्हें उत्तर प्रदेश की राज्य सरकार द्वारा विशेष अधिवक्ता के रूप में भी नियुक्त किया गया था। श्री सिंह को शासन द्वारा यह नई जिम्मेदारी मिलने पर लोगों ने उन्हें बधाई दिया है। बधाई देने वालों में प्रमुख रुप से मऊ बार काउंसिल के महामंत्री हरिद्वार राय, सुरेंद्र सिंह, पूर्व डीजीसी राजेश सिंह राज, डॉ पीएल गुप्ता, प्रदीप श्रीवास्तव, अरविन्द तिवारी, प्रभारी डीजीसी अजय कुमार सिंह, डीजीसी प्रमोद साहनी, नरेंद्र श्रीवास्तव, कल्याण सिंह, शैलेश सिंह विपुल, प्रदीप कुमार सिंह, सुनील कुमार दुबे सोनू, दिलीप कुमार सिंह आदि शामिल रहे।

